वर्चुअल कक्षाओं के जरिये विद्यार्थियों व अध्यापकों को जोड़ रहे स्कूल

ऑनलाइन कक्षा में पढ़ाई करती हुई सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा ● फोटो- सौजन्य स्कूल प्रबंधन

वर्चुअल कक्षा में हिस्सा लेता रेयान इंटरनेशनल स्कूल का छात्र ● फोटो- सौजन्य स्कूल प्रबंधन

बच्चे खुश हैं कि उनकी पढ़ाई चल रही है। अभिभावक भी इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग कर रहे हैं और शिक्षक भी बच्चों को इस तरह से ऑनलाइन शिक्षा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

दीपिका शर्मा, प्राचार्य, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सोहना रोड

पढ़े ऑनलाइन भारत

प्रियंका दुबे मेहता ● गुरुग्राम

लॉकडाउन तीन मई तक के लिए बढ़ गया है लेकिन स्कूली विद्यार्थियों व अभिभावकों को अब राहत है क्योंकि अब स्कूल ऑनलाइन शिक्षा दे रहे हैं। ऐसे में विभिन्न एप्स का उपयोग कर विद्यार्थियों को लाइव कक्षाएं दी जा रही हैं। शिक्षक अपने घरों पर बैठकर कंटेंट तैयार कर रहे हैं और विद्यार्थी अपने घरों पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसके लिए स्कूल प्रबंधन विभिन्न एप्स का सहारा ले रहे हैं।

सभी स्टेकहोल्डर्स यानि स्कूल, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन शिक्षण लाइफलाइन साबित हो रही है। शिक्षक विद्यार्थियों से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं और अभिभावक संतुष्ट हैं कि पढ़ाई आगे बढ़ रही है। स्कूल प्रबंधन अपने दायित्व का निर्वाह इस तरह करके सुकून महसूस कर रहा है।

अदिति मिश्रा, डीपीएस, गुरुग्राम

जूम एप के जरिए ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं लेकिन कुछ कंपनियों ने इस एप को बैन कर दिया है और उनसे जुड़े अभिभावक थोड़े परेशान हैं। इसके बाद चीजों को सुधार कर इस एप से पढ़ाई करवाई जा रही है और बच्चे अकादमिक गतिविधियों से पहले की ही तरह जुड़े हुए हैं।

रश्मि मलिक, प्राचार्य, सलवान पब्लिक स्कूल

माइक्रोसॉफ्ट के जरिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाएं दी जा रही हैं। ऐसे में विद्यार्थी स्कूल के साथ लगातार एक जुड़ाव बनाए हुए हैं। उनके होमवर्क पर भी इस तरह से लगातार नजर रखी जा रही है।

प्रीति मल्होत्रा, प्राचार्य, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल

सिटी केबल चैनल के माध्यम से पढ़ाई

जासं, गुरुग्राम : लॉकडाउन के चलते 'घर से पढ़ो- घर से पढ़ाओ' अभियान के तहत सरकारी स्कूलों के कक्षा पहली से 12वीं विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा ई-लर्निंग के माध्यम से ऑनलाइन क्लासेज दी जा रही है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों को www.haryanaedusat.com के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाने की शुरुआत की गई है। जहां पर इंटरनेट की उपलब्धता नहीं है या किसी कारणवश सुचारू नहीं है, वहां हरियाणा एजुसेट के चार चैनल को सिटी केबल के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाए जाने की व्यवस्था की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि जिला गुरुग्राम के छह केबल संचालकों को ट्राई तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए हरियाणा एजुसेट चैनल सिटी केबल पर चलाने के लिए कहा गया है।

कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक अध्ययन सामग्री पीपीटी, असाइनमेंट, वीडियो तथा यूट्यूब लिंक तथा शिक्षकों द्वारा स्वनिर्मित अध्ययन सामग्री (ऑडियो तथा वीडियो रिकार्ड्स) आदि एडमोडो, गूगल नोट्स द्वारा प्रदान की जा रही है। साथ ही कक्षानुसार गूगल ड्राइव के लिंक भी छात्रों के साथ शेयर किए जा रहे हैं। नियमितता की परख के लिए विद्यार्थियों का गृहकार्य भी गूगल ड्राइव पर फोटो के तौर पर मंगवाया जा रहा है।

मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46 में माइक्रोसॉफ्ट टीम्स 365 के जरिए ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है, जिससे विद्यार्थी नियमित कक्षाओं से जुड़ रहे हैं। माउंट ओलंपस स्कूल, सेक्टर 51 में गूगल हैंडआउट व ड्राइव के साथ हर विद्यार्थी का अलग से स्कूल पोर्टल दिया गया है। सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए अध्यापन हो रहा है।

सलवान पब्लिक स्कूल, सेक्टर 15 में जूम एप के तहत ऑनलाइन कक्षाएं दी जा रही थीं लेकिन कई कंपनियों के इस एप को बैन किए जाने के बाद कुछ अभिभावकों ने शिकायत

जरिए विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा फॉरमेट में हर बच्चे की लॉगइन इस एप पर प्रतिदिन आमने-सामने